DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

PERIODIC ASSESSMENT -I (2022-23)

- Check that this question paper contains 3 printed pages.
- Check that the question paper contains 9 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the script during this period.

CLASS-X
SUB: HINDI (B)

Time Allowed: 1½ Hours **Maximum Marks : 40**

निर्देश:

(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- (क), (ख), (ग) और (घ) ।

(ii) सभी खंडों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड (क) अपठित बोध (5)

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यह बिलकुल निडर और बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं । जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है । अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं ।

साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है, जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और झुंड में चरना, यह भैंस और भेड़ का काम है। सिंह तो बिलकुल अकेला होने पर भी मगन रहता है।

अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्यच के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, जिंदगी की चुनौती को कबूल नहीं कर सका, वह सुखी नहीं हो सकता ।

(क) साहस की ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या होती है ?

(ख) किस प्रकार के आदमी दुनिया की असली ताकत होते हैं ?

(ग) क्रांति करने वाले लोगों की अलग पहचान कैसे बनती है ?

(घ) साहसी मनुष्य किस प्रकार के सपनों में रस लेता है ?

(ङ) साहसी व्यक्ति के बारे में अर्नाल्ड बेनेट ने क्या लिखा है ?

खंड - ख (व्याकरण) (10)

Q2. समास विग्रह कर समास का भेद लिखिए। **(5)**

आजीवन, विश्रामागार , देहलता, जल-स्थल , नीलकंठ

Q3. (क) उचित मुहावरे से वाक्य पूर्ति कीजिए :- **(2)**

(i) भाई साहब ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते कि मेरे जिगर ---------------------।

(ii) तुम अपनी मेहनत से पास नहीं हुए , अंधे ----------------------------------।

(ख) वाक्य में प्रयोग कीजिए :- **(3)**

(i) आग बबूला होना

(ii) लोहे के चने चबाना

(iii) ऐरा-गैरा नत्थू खैरा

खंड - ग (पाठ्यपुस्तक) (20)

Q4. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए ।

(क) बड़े भाई साहब छोटे भाई से हमेशा पहला सवाल क्या पूछते थे ? **(1)**

(ख) लेखक को कौन सा काम पहाड़ लगता था ? **(1)**

(ग) लेखक टाईम टेबल पर अमल क्यों नहीं कर पाता था ? **(1)**

(घ) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ? **(1)**

Q5. बड़े भाई की डाँट फटकार अगर न मिलती तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए । **(3)**

Q6. (क) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए ? **(1)**

(ख) ईश्वर कण-कण में व्याप्त हैं पर हम उन्हें क्यों नहीं देख पाते? **(1)**

(ग) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ? **(1)**

(घ) "हम घर जाल्या आपणाँ " का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **(1)**

Q7. कबीर की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए । **(3)**

Q8. (क) 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए कि धर्म के नाम पर किस तरह साधारण जन की भावनाओं से खेला जाता है ? **(3)**

(ख) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ? **(3)**

खंड - घ (लेखन) (5)

Q9. विद्यालय के प्रधानाचार्य को संध्याकालीन खेल के उत्तम प्रबंध के लिए प्रार्थना करते हुए आवेदन पत्र लिखिए । **(5)**

अथवा

स्थानीय थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर साइकिल चोरी होने की रिपोर्ट लिखवाइए ।

****